राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

09 जुलाई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 11

गाजर शकरकंद चले

आज की कविता

गाजर शकरकंद तो न्योते में चल दिए हैं । उनके साथ लौकी, कद्दू , टमाटर और भिंडी भी अपना अपना एक्शन करते हुए एक एक करके आ रहे हैं। क्या होगा जब सब इकट्ठे होंगे ? मूली क्या करने वाली है इस न्योते में ? आइये जानते है इस कविता में, सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Parag

बरसा बादल

आज की कहानी

आसमान मे छाए बादल को देखकर सबकी उम्मीदें बढ़ जाती हैं। पेड़- पौधे, मछली, किसान, पशु -पक्षी और हाँ राजू भी तो है। क्या होगा जब बरसेंगे बादल ? राजू अपने दोस्तों के साथ मिलकर क्या करने वाला है? जानने के लिए सुनते हैं ये कहानी। कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

अवी और चींटियाँ

आज की किताब

अवी छुट्टियों के बाद वापस लौट आया है। यह बात वह अपनी नन्हीं दोस्तों को बताना चाहता है। अवी की ये दोस्त हैं चींटियाँ। अब अवी उन्हें कैसे बताए? उन तक खबर कैसे पहुंचाए? क्या चींटियों को पता चल पाएगा कि अवी वापस आ गया है? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर पढ़ते हैं ये कहानी ।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

रेल के पहियों का कमाल

आज की गतिविधि

कभी आपने सोचा है कि पटरियों के मुड़ने की बाद भी रेल एक तरफ न तो झुकती है न गिरती है? ऐसा कैसे होता है ? क्या खासियत है रेल के पहियों में जो इसे संभाले रखते हैं ? आइए देखते हैं ये साधारण सा प्रयोग। प्रयोग देखने के लिए इस चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

बारिश है तो धरती की खुशहाली कायम है

टीचर्स कॉर्नर

मानसून का विज्ञान बहुत ही रोचक है। लाखों वर्षों से मानसून का ये सिलसिला रहा है। भारत सहित पूरे दक्षिण एशिया में जून का महीना आते ही इसके बारे में बातें होने लगती हैं। मानसून दरअसल हमारे सामाजिक जीवन औरअर्थव्यवस्था के केंद्र में है। और जानने के लिए पढ़ते हैं ये आलेख। चित्र पर क्लिक कर आलेख पढ़े।

शिक्षकों के लिए। Strot

अपनी स्कूल लाइब्रेरी को सक्रिय कैसे

हमारा पुस्तकालय

किताबें आलमारी से तो बाहर निकल आई हैं। कहीं कहीं स्कूलों में लाइब्रेरी का कालांश भी सुनिश्चित हो गया है। लेकिन अभी भी लाइब्रेरी सक्रिय नहीं है। जीवंतता तो इसके भी आगे की बात है। क्या करें जिससे लाइब्रेरी सक्रिय बने, जीवंत बने ? आइए पढ़ते हैं वृजेश सिंह का ये ब्लॉग। पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Education Mirror

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 115 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।